जनसम्पर्क कार्यालय : एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड जबलपुर

समाचार

''एक पेड़ मॉं के नाम'' अभियान में बिजली कंपनी परिसरों में लगाए जाएंगे एक लाख पौधे

जबलपुर, 2 अगस्त। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि ''एक पेड़ मॉं के नाम'' अभियान के तहत प्रदेश में बिजली कंपनियों के परिसर में एक लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल के गोविन्दपुरा स्थित मुख्यालय परिसर में 6 अगस्त को प्रातः 11 बजे पौध-रोपण कर बिजली कंपनियों के परिसर में पौधे लगाने के अभियान का शुभारंभ करेंगे।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 19 हजार, पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 18 हजार 800, पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 20 हजार, ट्रांमिसन कंपनी द्वारा 19 हजार, पॉवर जनरेटिंग कंपनी द्वारा 19 हजार और एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा 5 हजार से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। ऊर्जा मंत्री ने निर्देशित किया है कि अभियंता व कार्मिक लगाए जाने वाले पौधों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करेंगे।

समाचार क्रमांक: 89/2024

(पंकज स्वामी)
जनसम्पर्क अधिकारी